माता-पिता की सहमति के सम्बन्ध में मेडिकेड (Medicaid) की वार्षिक सूचना

पृष्ठभूमि: 1994 से, न्यू जर्सी राज्य मेडिकेड की विशेष शिक्षा सम्बन्धी पहल (स्पेशल एज्युकेशन मेडिकेड इनिशिएटिव - SEMI) नामक संघीय कार्यक्रम में भाग लेता आया है। यह कार्यक्रम छात्र के वैयक्तिकृत शैक्षणिक कार्यक्रम (इंडिविजुअलाइज़्ड एज्युकेशनल प्रोग्राम - IEP) में दी गयीं चिकित्सीय रूप से सम्बन्धित सेवाओं के लिए आंशिक प्रतिपूर्ति प्रदान करके स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स की सहायता करता है।

SEMI कार्यक्रम न्यू जर्सी शिक्षा विभाग और न्यू जर्सी मेडिकेड सहायता एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रभाग के सहयोग से न्यू जर्सी कोषागार विभाग के तत्वावधान में है।

2013 में, स्कूल-आधारित सेवाओं के लिए मेडिकेड सम्बन्धी माता-पिता की सहमति से सम्बन्धित विनियमों में बदलाव हुआ। अब विनियमों के अनुसार यह आवश्यक है कि पहली बार बच्चे के सार्वजनिक लाभों या बीमे की सुलभता प्राप्त करने से पहले, और उसके बाद <u>सालाना</u> तौर पर, स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स को माता-पिता/अभिभावकों को लिखित सूचना देनी चाहिये और माता-पिता की एकमुश्त सहमति प्राप्त करनी चाहिये।

क्या आपको इसकी कोई लागत देनी होगी?
नहीं। IEP सेवायें छात्रों को स्कूल में माता/पिता/अभिभावक से <u>बिना कोई</u> लागत वसूले हुए प्रदान की जाती हैं।

क्या SEMI से सम्बन्धित दावा आपके परिवार के मेडिकेड सम्बन्धी लाभों पर असर डालेगा?
SEMI कार्यक्रम किसी परिवार की मेडिकेड सम्बन्धी सेवाओं, धनराशियों, या कवरेज सम्बन्धी सीमाओं पर असर <u>नहीं</u> डालता है। न्यू जर्सी स्कूल-आधारित सेवाओं के कार्यक्रम को परिवार के मेडिकेड कार्यक्रम से भिन्न रूप परिचालित करता है। SEMI कार्यक्रम किसी भी तरह से आपके परिवार के मेडिकेड सम्बन्धी लाभों को प्रभावित <u>नहीं</u> करता है।

स्कूल-आधारित सेवाओं के कार्यक्रम में किस प्रकार की सेवायें कवर होती हैं?

- निर्धारण
- स्पीच थैरैपी
- व्यावसायिक उपचार
- शारीरिक उपचार
- मनोवैज्ञानिक परामर्श
- ऑडियोलॉजी यानि श्रवण विज्ञान
- नर्सिंग
- विशेषीकृत परिवहन

आपके बच्चे के बारे में किस प्रकार की जानकारी साझा की जायेगी?
SEMI प्रतिपूर्ति हेतु दावे के लिए, निम्नलिखित प्रकार के रिकॉर्ड की आवश्यकता हो सकती है: पहला नाम, आखिरी नाम, बीच का नाम, पता, जन्म की तारीख, छात्र की ID, मेडिकेड ID, शारीरिक असमर्थता, सेवा की तारीखें और प्रदान की गयी सेवाओं का प्रकार।

यह जानकारी कौन देखेगा?
आपके बच्चे के विशेष शिक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी मेडिकेड की पात्रता के सत्यापन और दावे प्रस्तुत करने के उद्देश्य के लिए न्यू जर्सी मेडिकेड सहायता एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रभाग और उससे संबद्ध विभागों, जिनमें कोषागार विभाग और शिक्षा विभाग शामिल हैं, के साथ साझा की जा सकती है।

अगर आपका विचार बदल जाये, तो क्या होगा?
जिस स्कूल में आपका बच्चा भर्ती है, उससे सम्पर्क करके आपको किसी भी समय मेडिकेड बिलिंग के लिए अनुमति देने सम्बन्धी सहमति को वापस लेने का अधिकार है।

क्या आपकी सहमति या सहमति देने से इंकार से आपके बच्चे की सेवाओं पर असर पड़ेगा?
नहीं। आपके स्कूल डिस्ट्रिक्ट के लिए अभी भी आपके बच्चे को उसके IEP के अनुसार सेवायें प्रदान करना आवश्यक है, चाहे आपकी मेडिकेड पात्रता की स्थिति कुछ भी हो या SEMI बिलिंग हेतु सहमति के लिए आपकी सम्मति हो या नहीं हो।

यदि आपके कोई प्रश्न हों, तो क्या करें?
अपने प्रश्नों या चिंताओं का उत्तर पाने के लिए, या माता-पिता की सहमति सम्बन्धी फॉर्म की प्रति प्राप्त करने के लिए कृपया अपने स्कूल डिस्ट्रिक्ट के विशेष शिक्षा विभाग को फोन करें।

पहुँचाने की विधि: (एक पर निशान लगायें) __माता-पिता को डाक से भेजा __माता-पिता को ई-मेल से भेजा __ IEP मीटिंग__दस्ती सुपुर्द किया

जुलाई 2017